586 कैंसर पीड़ित पाए गए, 254 में संभावना

खास बातें

- 2598 मरीजों की हुयी जांच
- विदिशा में नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर संपन्न

नवभारत न्यूज

विदिशा 7 जून,मेडिकल कॉलेज परिसर में आयोजित दो दिवसीय निशुल्क कैंसर जांच एवं उपचार शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों की स्क्रीनिंग की गई.शिविर में कुल 2598 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से 586 मरीज कैंसर रोग से पीड़ित पाए गए जबकि 254 मरीजों में कैंसर की संभावना पाई गई.

शिविर का आयोजन टाटा मेमोरियल कैंसर हॉस्पिटल, एम्स भोपाल, अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय विदिशा एवं जिला चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श एवं उपचार की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान किया. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शिविर का अवलोकन करते हुए कहा कि यह केवल जांच शिविर नहीं, बल्कि एक सेवा का महायज्ञ है। उन्होंने कहा कि जांच के बाद प्रत्येक मरीज के लिए अलग-अलग उपचार योजना तैयार की जाएगी, जिसमें उनकी स्थिति के अनुसार कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी, बायोप्सी एवं सर्जरी जैसी सुविधाएं सुनिश्चित की जाएंगी. उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पात्र मरीजों के उपचार की पूरी व्यवस्था की जाएगी तथा किसी भी मरीज को इलाज से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा.

साथ ही उन्होंने कैंसर की रोकथाम के लिए नशा मुक्ति अभियान को व्यापक स्तर पर चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया.शिवराज सिंह चौहान ने विशेष रूप से महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल एवं स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता फैलाने की अपील की. उन्होंने कहा कि 14 वर्ष तक की बेटियों के लिए वैक्सीन अत्यंत आवश्यक है, जो कैंसर से सुरक्षा का प्रभावी उपाय है. जिला प्रशासन के अनुसार शिविर में आधार एवं आयुष्मान कार्ड से संबंधित स्टॉल भी लगाए गए, जहां पात्र हितग्राहियों के मौके पर ही कार्ड बनाए गए, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके.

शिविर के समापन पर कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने कहा कि यह आयोजन जिले के लिए एक भागीरथी प्रयास साबित हुआ है, जिससे हजारों लोगों को समय पर जांच एवं उपचार की सुविधा मिली है. कार्यक्रम में विधायक, मेडिकल कॉलेज के डीन, टाटा मेमोरियल एवं एम्स भोपाल के विशेषज्ञ चिकित्सक, पुलिस अधीक्षक सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे.

वहां नशा मुक्ति की अपील, यहां नशे के डोज से 2 मौतें

हर तरफ नशा मुक्ति की अपील की जा रही है. जनप्रतिनिधि और समाजसेवी संस्था लगातार नशा मुक्ति के लिए अभियान चला रही है तो दूसरी तरफ नशे के ओवर डोज से दो दिन में दो लोगों की मौत के मामले सामने आए हैं. जिनका पीएम मेडिकल कालेज में कराया गया है. हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हो पा रही है. मेडिकल कालेज के सूत्र बताते हैं कि नशे के ओवर डोज से दो लोगों को मेडिकल कालेज में लाया गया था जहां पर उन्हें मृत घोषित कर दिया गया. जिनका पीएम भी मेडिकल कालेज में ही कराया गया है. इसके पहले भी शहर के कई इलाकों में नशे के इंजेक्शन से युवाओं की मौत हो चुकी है. इसी बीच पुलिस ने नशे के खिलाफ अभियान चलाया है लेकिन अभी भी भारी मात्रा में नशे की सामग्री शहर के कई इलाकों में बिक रही है.

भीषण गर्मी में 6 घंटे बिजली गुल, आमजन परेशान

- ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि और मेंटेनेंस कार्य के चलते आपूर्ति बाधित

नवभारत न्यूज

पठारी 7 जून, नगर में शुक्रवार को भीषण गर्मी के बीच लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, जब सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद रही. लगभग 6 घंटे तक बिजली न मिलने से आम नागरिकों, व्यापारियों और बिजली से चलने वाले उपकरणों पर निर्भर कार्य प्रभावित हुए.

जानकारी के अनुसार, पठारी उपकेंद्र में ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि और आवश्यक मेंटेनेंस कार्य के कारण विद्युत आपूर्ति बंद रखी गई थी. इस दौरान भीषण गर्मी ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी.बिजली बंद रहने से न केवल दैनिक जीवन प्रभावित हुआ, बल्कि नल-जल योजना की सप्लाई भी ठप हो गई. इसके चलते लोगों को पीने के पानी के लिए भी इधर-उधर भटकना पड़ा.स्थानीय नागरिकों ने लंबे समय तक बिजली कटौती पर नाराजगी जताई, वहीं गर्मी के मौसम में इस तरह की आपूर्ति बाधित होने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं.

आंतरिक शुद्धता से ही होगा बाह्य पर्यावरण का संरक्षण- ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय शाखा चर्चा वाली गली, वरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया.कार्यक्रम में सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया. उन्होंने कहा कि सभी को यह संकल्प लेना चाहिए कि पर्यावरण प्रदूषण से होने वाली समस्याओं के प्रति समाज को जागरूक करेंगे और संरक्षण के उपायों को अपनाएंगे.उन्होंने बताया कि ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा अगले तीन वर्षों के लिए प्रकृति परिवर्तन प्रोजेक्ट चलाया जा रहा है, जिसमें जल, वायु, ध्वनि सहित विभिन्न प्रकार के प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण को स्वच्छ बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है.

आवश्यक सूचना

मौन

नि:शुल्क शव वाहन चलाने वाले विकास पचौरी जी फिलहाल मौन साधना कर रहे हैं.

इसलिए शव वाहन की आवश्यकता होने पर कृपया फोन करके सूचना न देते हुए शेरपुरा विदिशा स्थित विकास पचौरी रेडियो स्टेशन आकर रजिस्टर में जानकारी नोट करने की कृपा करें.

ब्लड की आवश्यकता होने पर www.vikaspachori.in वेबसाइट पर स्वतंत्राताओं की लिस्ट देखने का कष्ट करें.

अधिक मास में गूंजे वैदिक मंत्र, 1008 नामों से हुआ हरि-हर का महाअर्चन

- काशी के विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक विधि-विधान से किया पूजन, भक्तिमय हुआ वातावरण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा. सनातन परंपरा में अत्यंत पुण्यदायी माने जाने वाले अधिक मास के अवसर पर हरि-हर पूजन का भव्य आयोजन संपन्न हुआ. यह आयोजन जगतगुरु स्वामी राम कमलाचार्य वेदांती जी महाराज की प्रेरणा एवं कृपा से उनके कृपापात्र शिष्य संत सर्वेशदास महाराज के सान्निध्य में सम्पन्न हुआ.

अनुष्ठान में काशी के प्रतिष्ठित विद्वान ब्राह्मणों ने वैदिक विधि-विधान के साथ भगवान विष्णु एवं भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया. इस दौरान 1008 सहस्रनामावली के माध्यम से हरि और हर का लीची से विशेष महाअभिषेक एवं अर्चन किया गया.यह आयोजन आध्यात्मिक केंद्र काल भैरव श्री राममानस पीठ मंदिर में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ, जहां वेद मंत्रों, शंखध्वनि और घंटानाद से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया.

संत सर्वेशदास महाराज ने कहा कि अधिक मास को भगवान विष्णु का प्रिय मास माना गया है, वहीं भगवान शिव की आराधना भी इस काल में विशेष फलदायी होती है. उन्होंने कहा कि हरि और हर की संयुक्त पूजा सनातन धर्म की उस महान परंपरा का प्रतीक है, जिसमें समन्वय, एकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश निहित है.उन्होंने आगे कहा कि जो श्रद्धालु श्रद्धा और भक्ति के साथ इस माह में भगवान विष्णु और भगवान शिव का पूजन करते हैं, उनके जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है.

कार्यक्रम में देश और समाज की सुख-समृद्धि, विश्व शांति तथा मानव कल्याण की कामना के साथ विशेष प्रार्थनाएं की गईं. बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया. अंत में प्रसाद वितरण किया गया.धार्मिक विद्वानों के अनुसार अधिक मास में किए गए जप, तप, दान और पूजन का फल कई गुना बढ़कर प्राप्त होता है.

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर गंजबासौदा में वाहन रैली निकालकर जनजागरण

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर गंजबासौदा में अखिल विश्व गायत्री परिवार की बासौदा इकाई द्वारा जनजागरूकता अभियान के तहत वाहन रैली निकाली गई. यह कार्यक्रम गायत्री परिवार के तहसील प्रभारी श्याम सुन्दर माथुर एडवोकेट के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में आयोजित किया गया. रैली के दौरान जय स्तम्भ चौक, अंबेडकर चौक एवं रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया, जिसमें मजदूर वर्ग, ऑटो रिक्शा चालकों एवं आम नागरिकों को नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया.कार्यक्रम के दौरान शांतिकुंज हरिद्वार से प्रकाशित नशा मुक्ति संबंधी पुस्तकों का निःशुल्क वितरण किया गया. इन पुस्तकों के माध्यम से तंबाकू एवं अन्य नशों के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया.नशामुक्ति अभियान के जिला प्रभारी रघुवीर सिंह परिहार ने कहा कि किसी भी प्रकार का नशा व्यक्ति, परिवार और समाज—तीनों के लिए विनाशकारी है. उन्होंने कहा कि नशे के कारण परिवारों में कलह बढ़ती है, संपत्ति नष्ट होती है और युवा पीढ़ी लक्ष्यहीन होकर अवसाद की ओर बढ़ रही है.वहीं सुरेश सैनी ने कहा कि गुरुदेव द्वारा दिया गया संदेश आज भी प्रासंगिक है.पितरौ पत्नी, बिकते जेवर, बदल शराबी अपने तेवर.उन्होंने कहा कि बीड़ी-सिगरेट जैसी आदतें भी व्यक्ति को धीरे-धीरे गंभीर बीमारी और मृत्यु की ओर ले जाती हैं.ट्रस्ट मंडल के सदस्य जयराम अहिरवार ने कहा कि गुरुदेव का सपना है—मनुष्यों में देवत्व और पृथ्वी पर स्वर्ग की स्थापना. उन्होंने कहा कि नशा इस लक्ष्य में सबसे बड़ी बाधा है, जिसे समाप्त करना आवश्यक है.

दुकान का ताला तोड़ने और मारपीट के मामले में कांग्रेस पार्षद समेत 6 पर केस दर्ज

- थाना देहात में दर्ज हुआ मामला
- दुकान का सामान बाहर फेंकने और धमकी देने का आरोप

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा 7 जून, थाना देहात क्षेत्र में एक दुकान का ताला तोड़ने, सामान बाहर फेंकने और दुकानदार से मारपीट व धमकी देने का मामला सामने आया है. इस मामले में पुलिस ने कांग्रेस पार्षद सहित 6 लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला मोहम्मदी मस्जिद स्थित एक दुकान से जुड़ा है, जहां कथित रूप से जबरन ताला तोड़कर सामान बाहर फेंका गया और दुकानदार इमरान के साथ मारपीट की गई.फरियादी इमरान की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने वार्ड क्रमांक 22 के कांग्रेस पार्षद जोएब हसन, शाहिद राइन, शाहरुख एंटिक, अरमान राइन, बिलाल और इस्लाम के खिलाफ मामला दर्ज किया है.बताया जा रहा है कि यह विवाद मस्जिद कमेटी से जुड़ी दुकान को लेकर हुआ, जिसमें सदर शाहिद और पार्षद जोएब हसन पर भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं.पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है.

आजक्स जिला अधिवेशन में पठारी से पहुंचे कार्यकर्ता

नवभारत न्यूज

पठारी. आजक्स जिला अधिवेशन एवं प्रतिभा छात्र, सेवा निवृत्त कर्मचारी-अधिकारी समाजसेवी सम्मान समारोह में पठारी क्षेत्र से दर्जनों कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की.कार्यक्रम में प्रदेश के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदिशा विधायक, आजक्स के प्रांतीय संरक्षक जे.एस. कंसोटिया, प्रांताध्यक्ष संतोष वर्मा, सी.एल. सूर्यवंशी, श्रीमती पाटिल, जिला संरक्षक एस.एस. गोलिया, जिलाध्यक्ष सी.एल. वंशकार तथा महिला जिलाध्यक्ष डॉ. उमा शाक्य सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे.यह आयोजन समाजसेवा और प्रतिभाओं के सम्मान को समर्पित रहा, जिसमें पठारी तहसील की आजक्स टीम ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया.पठारी क्षेत्र से पहुंचे प्रतिनिधियों में अहिरवार समाज संघ की जिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती आरती चौधरी, ब्लॉक संरक्षक रवि शंकर वंशकार, ब्लॉक अध्यक्ष परसोत्तम लाल अहिरवार, तहसील अध्यक्ष मनोज कुमार अहिरवार आदि शामिल रहे.

दिगंबर जैन परवार साथ समाज समिति द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह

- 35 मेधावी छात्र-छात्राओं को मिला सम्मान

नवभारत न्यूज

विदिशा. शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं समाज में शैक्षणिक उत्कृष्टता का वातावरण निर्मित करने के उद्देश्य से विदिशा दिगंबर जैन परवार साथ समाज समितिइ द्वारा रविवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया.

समारोह में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले समाज के 35 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सफलता के साथ संस्कारों को अपनाने का संकल्प भी दिलाया.

विद्यार्थियों से कहा गया कि उच्च शिक्षा के लिए घर से बाहर जाने पर वे सदैव अपने माता-पिता, समाज और संस्कृति का नाम रोशन करें तथा ऐसा कोई कार्य न करें जिससे परिवार या समाज को नीचा देखना पड़े. साथ ही पढ़ाई को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपने लक्ष्य पर केंद्रित रहने को सफलता का मूल मंत्र बताया गया.कार्यक्रम में अतिथियों राकेश गोहिल, संजय सेठ, डॉ. राजीव चौधरी, अनिल जैन (हजारी) एवं शैलेंद्र (बड़ू) चौधरी ने विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण संकल्प दिलाते हुए कहा कि रात 9 बजे के बाद मोबाइल फोन अपने परिजनों को सौंप दें और डिजिटल व्यस्तताओं से दूर रहकर अनुशासित जीवन व पर्याप्त विश्राम को अपनाएं.समिति के अध्यक्ष राजीव जैन ई.ई. (मुडी) ने कहा कि समाज की प्रतिभाओं को पहचानना और उनका सम्मान करना समिति की प्राथमिकता है. ऐसे आयोजन न केवल विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाते हैं, बल्कि अन्य बच्चों को भी बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं.

कुएं में डूबने से किसान व मजदूर की दर्दनाक मौत, गांव में छाया मातम

नवभारत न्यूज

पठारी. थाना अंतर्गत ग्राम बनोह में शनिवार को हुए दर्दनाक हादसे में एक किसान और एक मजदूर की कुएं में डूबने से मौत हो गई. घटना के बाद से क्षेत्र में शोक की लहर है और पिछले दो दिनों से गांव में मातम का माहौल बना हुआ है.

जानकारी के अनुसार, खेत के कुएं से सिंचाई मोटर निकालते समय यह हादसा हुआ, जिसमें 40 वर्षीय किसान भगवान सिंह दांगी पुत्र कल्याण सिंह दांगी और 18 वर्षीय मजदूर गोलू अहिरवार पुत्र कैलाश अहिरवार की जान चली गई.भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकूर ने बताया कि यह घटना अत्यंत हृदय विदारक है. उन्होंने कहा कि भगवान सिंह दांगी अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे और उनके दो छोटे बच्चे—एक बेटा और एक बेटी—हैं, जो अब अनाथ हो गए हैं.उन्होंने यह भी बताया कि दोनों परिवारों की स्थिति बेहद कमजोर है, और ऐसे में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पीड़ित परिवारों को सहायता दिलाने का प्रयास किया जाएगा.प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार, दोनों शवों का पोस्टमार्टम कर दिया गया है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार पीड़ित परिवारों को सहायता योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा.इस हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है और ग्रामीण गहरे सदमे में हैं.

बेतवा सभागार में होगी बैठक, विभिन्न समाजों से लिए जाएंगे सुझाव

नवभारत न्यूज

विदिशा. मध्यप्रदेश में समान नागरिक संहिता के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण के लिए गठित उच्च स्तरीय समिति द्वारा जनपरामर्श प्रक्रिया के अंतर्गत सोमवार 8 जून को विदिशा में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी.बैठक कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में अपराह्न 3.30 बजे आयोजित की गई है, जिसकी अध्यक्षता समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद प्रो. गोपाल शर्मा करेंगे.बैठक का उद्देश्य समान नागरिक संहिता के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों, जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों तथा आम नागरिकों के सुझाव एवं विचार प्राप्त करना है.

श्रमदान | **साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5 .0 के तहत 35वें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम संपन्न**

बेतवा नदी संरक्षण को मिला जनसहभागिता का नया आयाम, लगातार जुड़ रहे नए युवा

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा, बेतवा नदी के संरक्षण और स्वच्छता को समर्पित साप्ताहिक श्रमदान अभियान 5.0 के अंतर्गत 35वें चरण का नदी जल स्वच्छता कार्यक्रम उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ. विशेष बात यह रही कि लगातार दूसरे सप्ताह भी नए युवाओं ने अभियान से जुड़कर यह संदेश दिया कि नदी संरक्षण अब केवल कुछ लोगों का प्रयास नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन का स्वरूप ग्रहण करता जा रहा है.

प्रात:काल आयोजित श्रमदान कार्यक्रम में अमृता सिंह, ईशु शर्मा, पराग, सुमित जाट, भविष्य तिवारी, अंकुर राजपूत, हिरेन्द्र यादव और बलवीर सिंह गुर्जर सहित श्रमदान दल के सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई. सभी युवाओं ने नदी तट एवं घाट क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाने, प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्र करने तथा स्वच्छता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया.

कार्यक्रम के दौरान इंदौर में कार्यरत और अवकाश पर अपने नगर आई अमृता सिंह ने श्रमदान करते हुए कहा, शहर हमारा है, नदी हमारी है और इसकी स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी ही है. यदि प्रत्येक नागरिक सप्ताह में कुछ समय समाज और पर्यावरण के लिए दे, तो हमारी नदियां पुन: अपने पुराने स्वरूप में लौट सकती हैं. नगरवासियों को नदी संरक्षण के लिए बढ़-चढ़कर आगे आना चाहिए,

उनके विचारों ने उपस्थित युवाओं में नई ऊर्जा का संचार किया. इस दौरान यह संदेश भी स्पष्ट हुआ कि किसी भी शहर की पहचान केवल उसकी इमारतों या सड़कों से नहीं, बल्कि उसकी नदियों, जल स्रोतों और पर्यावरणीय विरासत से होती है. स्वच्छ नदियां ही आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित जल और स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर सकती हैं.श्रमदान दल के सदस्यों ने बताया कि पिछले कुछ समय से अभियान में युवाओं की बढ़ती भागीदारी उत्साहजनक संकेत है, जो यह दर्शाता है कि समाज अब पर्यावरणीय चुनौतियों को समझते हुए समाधान का हिस्सा बनने के लिए आगे आ रहा है. उन्होंने कहा कि नदी संरक्षण के लिए केवल सरकारी प्रयास पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि जनसहभागिता ही इसकी वास्तविक शक्ति है.35वें चरण का यह कार्यक्रम एक बार फिर इस बात का प्रमाण बना कि सीमित संसाधनों के बावजूद दृढ़ संकल्प, सामूहिक प्रयास और समाज के सहयोग से बड़े परिवर्तन की नींव रखी जा सकती है. बेतवा नदी की स्वच्छता के लिए चल रहा यह सतत अभियान न केवल नदी को स्वच्छ बनाने का प्रयास है, बल्कि समाज में पर्यावरण संरक्षण की चेतना जागृत करने का भी एक प्रभावी माध्यम बन चुका है.